<u>WORK SHOP</u>

Department of Commerce organized Six days workshop on the **Magic of Excel** by Sh.Vinesh Nagpal from IECS Compute ,Hisar On 25.04.2022 at 1.30 pm in library reading Hall.

डीएन कॉलेज में 'मेजिक ऑफएक्सल' विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 25 अप्रैल : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा आज 'मेजिक ऑफ एक्सल' विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 'आई.ई.सी.एस.' कम्प्यूटर एजुकेशन के विनेश नागपाल ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को आज के इस तकनीकी युग में कम्प्यूटर के ज्ञान के महत्त्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि महानगरों में नौकरी हासिल करने के लिए एमएस एक्सल का सम्पूर्ण ज्ञान आवश्यक है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशाला विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान के बारे में जागरूक करेगी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की अध्यक्षता डॉ. रेनू राठी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के दोपहर के सत्र में विनेश नागपाल ने विद्यार्थियों को 'एक्सल' के बेसिक से एडवांस लेवल को दो हिस्सों में समझाया। पहले हिस्से में एक्सल की रूपरेखा तथा दूसरे हिस्से में विद्यार्थियों के कम्प्यूटर लैब में प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया । इस अवसर पर डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. शम्मी नागपाल व वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'मैजिक ऑफ एक्सल' विषय पर कार्यशाला

हिसार/ 25 अप्रैल/ रिपोर्टर

दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आज 'मैजिक ऑफ एक्सल' विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 'आईईसीएस' कम्प्यूटर एजुकेशन के विनेश नागपाल ने विद्यार्थियों को आज के इस तकनीकी युग में कम्प्यूटर के ज्ञान के महत्व के बारे में बताया। उन्होनें कहा कि महानगरों में नौकरी हासिल करने के लिए एमएसएक्सल का सम्पूर्ण ज्ञान आवश्यक है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशाला विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान के बारे में जागरूक करेगी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की अध्यक्षता डॉ. रेनू राठी ने प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के दोपहर के सत्र में विनेश नागपाल ने विद्यार्थियों को 'एक्सल' के बेसिक से एडवांस लेवल को दो हिस्सों में समझाया। पहले हिस्से में एक्सल की रूपरेखा तथा दूसरे हिस्से में विद्यार्थियों के कम्प्यूटर लैब में प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. शम्मी नागपाल व वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

PRIZE DISTRIBUTION

This Workshop lasted till six days. On the last day of workshop the principal sir gave prizes to the students who passed the Excel training exam conducted during the workshop.

डीएन कॉलेज में चल रही 'मैजिक ऑफएक्सल' कार्यशाला का समापन

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 3 मई : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा गत दिवस 'मैजिक ऑफ एक्सल' विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण उनकी उच्चतर शिक्षा एवं रोजगार प्राप्ति में लाभदायक सिद्ध होगा एवं उन्होंने कार्यशाला के सफल समापन के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई दी। कार्यशाला के दौरान आयोजित परीक्षा में एम.कॉम. प्रथम वर्ष के वैभव, निखिल, मीनाक्षी, तृप्ति एवं एम.कॉम. द्वितीय वर्ष के रवि, सुरभी, वनिष्ठा, शाजिया विजेता रहे। इन विजेताओं को प्राचार्य महोदय ने पुरस्कृत किया। कार्यशाला के प्रशिक्षक 'आई. ई. सी. एस.' कम्प्यूटर एजुकेशन के विनेश नागपाल ने कहा कि विद्यार्थियों के कैरियर से सम्बन्धित ऐसी कार्यशाला के आयोजन के लिए महाविद्यालय बधाई का पात्र है। इस अवसर पर मौजूद वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरुचि शर्मा ने प्रशिक्षक का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को इस प्रकार की कार्यशाला में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।